ये कानून कर्मचारियों को उनकी आप्रवासन स्थिति या नेटवर्क कंपनी के स्थान की परवाह किए बिना सुरक्षा प्रदान करते हैं। नेटवर्क कंपनियों को इन कानूनों का पालन करना होगा। बदले की कार्रवाई करना गैरकानूनी है।

**Seattle** Office of Labor Standards

# ऐप-आधारित कर्मचारियों के अधिकारों से जुड़ी सूचना 2025

यह सूचना नेटवर्क कंपनी के ऑनलाइन एप्लीकेशन या प्लेटफॉर्म पर अंग्रेजी में और कर्मचारी द्वारा बोली जाने वाली भाषा(ओं) में उपलब्ध कराई जानी चाहिए।

## ये कानून किस पर लागू होते हैं?

ऐप-आधारित कर्मचारी जो सिएटल में कानून के तहत कवर **नेटवर्क कंपनी** के लिए काम करते हैं जो दुनिया भर में कम से कम 250 ऐप-आधारित कर्मचारियों को काम देती है। कानून के तहत कवर नेटवर्क कंपनी:

- ग्राहकों को ऐप-आधारित कर्मचारियों से जोड़ने के लिए ऑनलाइन एप्लिकेशन या प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करती है;
- ऐप-आधारित कर्मचारियों को ऑफर देती है; और/या
- ऐप-आधारित कर्मचारियों को मुआवजे के बदले सेवाएं प्रदान करने में सक्षम बनाती है।

"मार्केटप्लेस नेटवर्क कंपनियां", जो मुख्य रूप से पूर्व-निर्धारित ऑफर प्रदान करती हैं, ग्राहकों को ऐप-आधारित कर्मचारियों के साथ काम के बारे में बात करने की सुविधा देती है, ऐप-आधारित कर्मचारियों को अपनी दरें निर्धारित करने की अनुमति देती हैं और माइलेज एवं समय के आधार पर सेवाओं को ट्रैक नहीं करती हैं, उन कंपनियों को **कवरेज से बाहर रखा गया है।**

## ऐप-आधारित कर्मचारियों के लिए न्यूनतम भुगतान

ऐप-आधारित कर्मचारियों को उनके "काम में बिताए गए समय" और "काम करते समय तय की गई दूरी" के लिए न्यूनतम भुगतान प्राप्त करने का अधिकार देता है।

### काम में बिताया गया समय

#### ऑन-डिमांड नेटवर्क कंपनियां या ऑन-डिमांड ऑफर:

- यह तब शुरू होता है जब ऐप-आधारित कर्मचारी ऑफर स्वीकार करता है।
- यह तब समाप्त होता है जब कर्मचारी ऑफर पूरा कर देता हो, ऑफर रद्द कर दिया गया हो या कर्मचारी कोई कारण बताकर ऑफर रद्द कर देता है।

#### दूसरी सभी नेटवर्क कंपनियां या ऑफर:

- यह तब शुरू होता है जब ऐप-आधारित कर्मचारी काम शुरू करता है या ऑफर में बताई गई जगह पर पहुंच जाता है।
- यह तब समाप्त होता है जब काम पूरा हो जाता हो, ऑफर रद्द कर दिया गया हो या फिर कर्मचारी कोई कारण बताकर ऑफर रद्द कर देता है।

## तय की गई दूरी

काम के दौरान तय की गई दूरी

**प्रति ऑफर न्यूनतम भुगतान निम्न में से जो अधिक हो वह है:**

**$0.45/मिनट + $0.77/मील**

—या—

**$5.20**

अगर कोई ऑफर सिएटल में शुरू होता है तो कर्मचारी को काम में लगें उसके पूरे समय और तय की गई पूरी दूरी के लिए कम से कम न्यूनतम भुगतान किया जाता है। अगर ऑफर सिएटल में शुरू नहीं होता है लेकिन इसमें सिएटल के भीतर काम से संबंधित ठहराव या सेवाएं शामिल हैं, तो न्यूनतम भुगतान केवल सिएटल शहर की सीमा के भीतर लगे समय और तय की गई दूरीपर लागू होता है।

**"ऑन-डिमांड नेटवर्क कंपनी" या "ऑन-डिमांड ऑफर" क्या होता है?**
कोई कंपनी या व्यक्ति जो डिलीवरी या अन्य सेवाओं के लिए ऑफर देता है जिसे कर्मचारी द्वारा ऑफर स्वीकार करने के 2 घंटे के भीतर शुरू किया जाना चाहिए.

## यह कंपनी इसके अंतर्गत आती है:

- ☐ एक ऑन-डिमांड नेटवर्क कंपनी
- ☐ एक मार्केटप्लेस नेटवर्क कंपनी
- ☐ एक नेटवर्क कंपनी, लेकिन लेकिन उपरोक्त में से किसी के रूप में वर्गीकृत नहीं है

## ऑफर स्वीकार करने से संबंधित स्वतंत्रता का अधिकार

ऐप-आधारित कर्मचारियों को यह तय करने का अधिकार है कि वे कब काम के लिए उपलब्ध रहेंगे और किस ऑफर को वे स्वीकार/अस्वीकार करेंगे।

नेटवर्क कंपनियां उन कर्मचारियों के खिलाफ प्रतिकूल कार्रवाई नहीं कर सकतीं जो:

- अपनी उपलब्धता के समय को कम करें
- किसी ऑफर को स्वीकार या अस्वीकार करें
- कोई कारण बताकर ऑफर रद्द करे

प्रतिकूल कार्रवाई में किसी कर्मचारी के ऐप तक के ऐक्सेस को सीमित करना या उनके खाते को निष्क्रिय करना शामिल हो सकता है।

## टिप संबंधी अधिकार

ऐप-आधारित कर्मचारियों को यह तय करने टिप संबंधी नीति के बारे में स्पष्ट जानकारी पाने का अधिकार है।

- क्या ऐप ग्राहकों को पहले से टिप देने का विकल्प प्रदान करता है?
  - ☐ हां
  - ☐ नहीं
- क्या ग्राहक काम पूरा होने के बाद अपनी टिप बदल या हटा सकते हैं?
  - ☐ हां
  - ☐ नहीं
- सभी टिप्स सीधे ऐप-आधारित कर्मचारियों को दी जानी चाहिए
- टिप को न्यूनतम भुगतान में नहीं गिना जाता

# अग्रिम सूचना का अधिकार

नेटवर्क कंपनियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि ग्राहक कर्मचारी को ये सुविधाएं प्रदान करें:

- काम में लगने वाले समय और दूरी का अनुमान
- सुनिश्चित न्यूनतम राशि का भुगतान
- टिप की वह राशि जिसका ग्राहक ने भुगतान करने को कहा है।
- उन व्यवसायों के नाम जहां ऑफर को पूरा करने के लिए रुकने की जरूरत है
- अगर उपलब्ध हो तो, काम के लिए जरूरी शारीरिक मेहनत संबंधी जानकारी (जैसे वस्तुओं का वजन, सीढ़ियों की संख्या)
- अगर उपलब्ध हो तो, ऑनलाइन ऑर्डर की किसी बिना सील की गई सामग्री की जानकारी

# धोखाधड़ीपूर्ण उपयोग नीति के तहत अधिकार

ऐप-आधारित कर्मचारियों को यह तय करने धोखाधड़ीपूर्ण उपयोग नीति की स्पष्ट जानकारी पाने के हकदार हैं।

नीति यहां देखी जा सकती है:

# सवैतनिक रोग और सुरक्षा अवकाश (PAID SICK AND SAFE TIME)

## ऐप-आधारित कर्मचारियों के निम्नलिखित अधिकार हैं:

- सिएटल में काम किए गए प्रत्येक 30 दिनों के लिए कम से कम एक दिन का PSST पाना
- सिएटल में पिक-अप या ड्रॉप-ऑफ वाले किसी भी दिन को PSST अर्जित करने के लिए गिनना
- PSST उपार्जन, उपलब्ध एवं उपयोग की गई राशि और PSST के लिए भुगतान दर की जानकारी देने वाली मासिक सूचना
- इस्तेमाल की गई PSST के हर एक दिन के लिए उसका औसत दैनिक मुआवजा दर प्राप्त करना
- उपलब्ध अवकाश को 24 घंटे के अंतराल में लेना
- PSST का इस्तेमाल करने, समझने और अनुरोध कर पाने के लिए एक सुलभ प्रणाली

## सवैतनिक अवकाश का इस्तेमाल इन कारणों से किया जा सकता है:

**रोग अवकाश:** अपने या परिवार के किसी सदस्य के शारीरिक या मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल करने के लिए, जिसमें डॉक्टर के साथ अपॉइंटमेंट भी शामिल हों

**सुरक्षा अवकाश:** घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, किसी के द्वारा पीछा करने, सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारी के आदेश से काम बंद होने या स्कूल या देखभाल के स्थान का बंद होने जैसे कारण, जिससे खुद या परिवार के सदस्य प्रभावित हों

## मुआवजा रोके जाने का विरोध करने का अधिकार

अगर कोई ऐप-आधारित कर्मचारी PSST का इस्तेमाल अनधिकृत उद्देश्यों के लिए करता है तो नेटवर्क कंपनियां मुआवजा रोक सकती हैं। ऐप-आधारित कर्मचारियों को विरोध करने का और यह साबित करने का अधिकार है कि सवैतनिक रोग और सुरक्षा अवकाश का इस्तेमाल अधिकृत उद्देश्यों के लिए किया गया था।

# अपने अधिकारों को जानें

## बदले की कार्रवाई करना गैरकानूनी है

ये कानून, कर्मचारियों को इन अधिकारों का इस्तेमाल करने या इनसे लाभ उठाने के पर बदले की कार्रवाई से बचाते हैं

## शिकायत दर्ज कराने का अधिकार:

ऐप-आधारति कर्‍मचारयियों को वरीेध करने का का उल्‍लंघन करती है तो ऐप-आधारति कर्‍मचारयियों को श्‍रम मानक कार्‍यालय (Office of Labor Standards) में शकियत दर्‍ज कराने या कानूनी कार्‍रवाई करने का अधकिार है।

## संपर्क करें: श्रम मानक कार्यालय

### नेटवर्क कंपनियां तकनीकी

सहायता और/या प्रशिक्षण प्राप्त करें

### ऐप-आधारित कर्मचारी

OLS में शिकायत दर्ज करें या अदालत में मुकदमा दायर करें

**206-256-5297**

**www.seattle.gov/laborstandards**

Seattle Office of Labor Standards

**810 THIRD AVE, SUITE 375**
**SEATTLE, WA 98104**
**कामकाजी समय: सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक (सोमवार से शुक्रवार)**
**LABORSTANDARDS@SEATTLE.GOV**

श्रम मानकों के कार्यालय का मिशन नस्ल और सामाजिक न्याय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के साथ श्रम मानकों को आगे बढ़ाना है। यह काम समझदार समाज और व्यावसायिक जुड़ाव के साथ-साथ नवीन नीति के विकास और रणनीति को लागू करके हो सकता है।

श्रम मानक कार्यालय विकलांगों के लिए अनुवाद, व्याख्या और अन्य सुविधाएं प्रदान करता है।